## 80वीं वर्षगांठ पर करनाल सेवाकेन्द्र द्वारा विशाल सम्मेलन एवं इंटरनेशनल स्प्रिचुअल कल्चरल फेस्टिवल का सफल आयोजन

# चरित्र निर्माण का पुनीत कार्य करती है ब्रह्माकुमारीज़



माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर अपने विचार व्यक्त करते हुए। साथ है मंत्री कविता जैन, ब्र.कु. करुणा, आई.जी. सुमन मंजरी, ब्र.कु. संतोष,सेंट पीटर्सबर्ग रशिया तथा अन्य। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए 'डिवाइन ग्रुप' रशिया के कलाकार।

**करनाल-हरियाणा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की 80वीं वर्षगांठ पर करनाल सेक्टर 7 की ओर से आयोजित विशाल सम्मेलन एवं इंटरनेशनल स्प्रिचुअल कल्चरल फेस्टिवल में हरियाणा के मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा विश्व भर में आध्यात्मिकता के माध्यम से जो चरित्र निर्माण का कार्य किया जा रहा है, वो सही मायने में विश्व को विकसित करेगा और इसी से ही समस्त मानव जाति में सुख और शांति की स्थापना होगी।

उन्होंने आगे कहा कि विश्व भर में आजकल उहापोह की जो स्थिति बनी हुई है, जिस प्रकार से मनुष्य में असंतोष का भाव बढ़ रहा है, ऐसे में ब्रह्माकुमारीज़ के द्वारा मनुष्य को सांत्वना देने के लिए, मानव के सुख शांति के लिए जो कार्य चल रहा है, वो सराहनीय है।

इस अवसर पर हरियाणा की कैबिनेट मिनिस्टर एवं कल्चरल मिनिस्टर श्रीमती कविता जैन ने संस्था की 80वीं वर्षगांठ पर सबको बधाई देते हुए तथा अपना निजी अनुभव सुनाते हुए कहा कि आज मैं दिल से महसूस करती हूँ कि जब भी मैं इस विद्यालय में आती हूँ तो परमात्मा के द्वारा बनाई गई कृति से सेवा करने की प्रेरणा लेती हूँ। यह वह संस्था है जो मानव की सेवा करती है, उसको बुराइयों से दूर कराती है। आज के वातावरण में जहाँ इंसान खुद को ही नहीं पहचानता, वहीं यह संस्था आत्मा की पहचान दिलाने का काम करती है।

ब्र.कु. करुणा, मल्टीमीडिया चीफ,माउण्ट आबू ने कहा कि आज यह ईश्वरीय विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय बन चुका है, इसका श्रेय सफेद वस्त्रधारिणी इन ब्रह्माकुमारी बहनों को जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री जी भी कह रहे थे कि यह एकमात्र संस्था है जो भारतीय संस्कृति को विश्व में फैला रही है, उन्होंने बहुत आशा रखी है कि भारत विश्व गुरू बनेगा। इस आशा को भी हमारी ब्रह्माकुमारी बहनें पूर्ण करेंगी। हरियाणा पुलिस अकादमी की आई. जी. श्रीमती सुमन मंजरी ने कहा कि मैं सोच भी नहीं सकती कि विदेशी बालाएं व महिलाएं भारतीय परिधान पहनकर इतना सुंदर नृत्य कर सकेंगी। इन्हें देख कर मुझे लगा कि धरती पर स्वर्ग यहीं उतर आया है। मुझे इनको देख कर सतयुग के देवी देवताओं का एहसास हुआ। सतयुग इसी भारत में था और फिर से इसी भारत में पुन: स्थापित होने वाला है। उन्होंने कहा कि बुराइयों को दूर कर मानव मन में शांति लाना, यह कार्य हमारी ब्रह्माकुमारी बहनें कर रही हैं। इस मौके पर हैफेड चेयरमैन हरविंदर कल्याण, मेयर रेनू बाला गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता जगमोहन आनंद, मुख्यमंत्री के ओ.एस.डी. अमरेंद्र सिंह, पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता व पूर्व गृह राज्य मंत्री आई. डी. स्वामी उपस्थित थे। चंडीगढ़ की कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी ब्र.कु. उत्तरा दीदी ने इस अवसर पर अपने विचार रखे।

करनाल सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्र.कु. प्रेम बहन ने सभी का अभिनंदन किया व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, कैबिनेट मिनिस्टर बहन श्रीमती कविता जैन तथा आए हुए सभी मेहमानों को ईश्वरीय सौगात भेंट की। ब्र.कु. मेहर चंद ने आये सभी मेहमानों का धन्यवाद किया। अनेकों ब्र.कु. भाई बहनों के साथ डॉ. सी. के. ठाकुर, बिज़नेसमैन विनय कोली, स्वामी प्रेम मूर्ति, स्वामी अध्यात्मानंद,अहमदाबाद तथा शहर के हज़ारों लोगों ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया।

## रशिया के 'डिवाइन ग्रुप' के कलाकारों ने दी मनभावन नृत्य प्रस्तुति

इस भव्य कार्यक्रम के दौरान रशिया सहित छ: देशों से आये कलाकारों ने भारतीय परिधान पहनकर व भारतीय संस्कृति तथा देशप्रेम के गीतों पर नृत्य प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया। इसमें वंदे मातरम... मेरा जूता है जापानी... व जहाँ डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा... आदि गीतों पर अपनी सुंदर प्रस्तुतियों की छटा बिखेरी। इन अति सुंदर, मनभावन एवं लुभावने दृश्यों को देख कर करनाल वासी तथा सभी मेहमान मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से ऐसा लगा कि मानो 'वसुधैव कुटुम्बकम...' की भावना यहाँ साकार हो रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ब्र.कु. करुणा तथा रशिया सेंट पीटर्सबर्ग की डायरेक्टर ब्र.कु. संतोष दीदी का मोमेंटो देकर अभिनंदन किया।

# 'कानून एवं आध्यात्मिकता' विषय पर सम्मेलन

**चेन्नई-त.ना.।** सही, सही ही रहता है, कोई न करे तो भी और गलत, गलत ही रहता है भले ही उसे सब करें। इस विचार की गूंज ब्रह्माकुमारीज़ के न्यायकारिता विभाग द्वारा 'कानून एवं आध्यात्मिकता' विषय पर आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में चारो ओर सुनाई दी। इस सम्मेलन में पाँच सौ से अधिक कानूनी व्यवसायियों ने शिरकत की।




सम्बोधित करते हुए पुष्पा सत्यनारायण,जज,मद्रास हाई कोर्ट। मंचासीन है एडवोकेट बी.एल. महेश्वरी, डॉ. जस्टिस पी. ज्योतिमणि, ब्र.कु. आशा, पूर्व जस्टिस वी. ईश्वरैय्या, ब्र.कु. पुष्पा,दिल्ली तथा ब्र.कु. कलावति।

ब्र.कु.आशा,डायरेक्टर,ओ. आर.सी. गुरूग्राम ने कहा कि आज प्रकृति एवं मनुष्य के बीच असंतुलन के कारण प्राकृतिक नियम टूट गए, लेकिन कर्म का कानून कभी असफल नहीं होता। डॉ. जस्टिस पी. ज्योतिमणि, ज्युडिशियल मेम्बर,नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल,साउदर्न बेंच,चेन्नई ने कहा कि अदालत एवं न्यायालय ही आम आदमी की आखिरी उम्मीद हैं। आम आदमी का अदालत पर विश्वास होना चाहिए। इसके लिए प्रशासनिक विभाग को आध्यात्मिकता से जुड़ा होना चाहिए। पूर्व जस्टिस वी. ईश्वरैय्या ने कहा कि हम अपने उच्च जीवन स्तर को भूल गए हैं। राजयोग मेडिटेशन ही एक कारगर तकनीक है जिससे मूल्यों को पुनर्स्थापित कर सकते हैं। ब्र.कु. बी.एल. महेश्वरी,चेयर पर्सन,ज्युरिस्ट विंग एवं सीनियर एडवोकेट ने भी मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए आध्यात्मिकता पर ज़ोर दिया। ब्र.कु. पुष्पा,नेशनल डायरेक्टर, ज्युरिस्ट विंग,दिल्ली ने कहा कि राजयोग अभ्यास के द्वारा हमारा मन पर सम्पूर्ण नियंत्रण रहता है जिससे हम सही कार्य करने में सक्षम होते हैं। पुष्पा सत्यनारायण, जज,मद्रास हाई कोर्ट ने योग्य शिक्षकों की कमी को विद्यार्थियों में मौलिक कर्त्तव्यों के गिरावट का मुख्य कारण बताया। ब्र.कु. लता आर. अग्रवाल, नेशनल को-ऑर्डिनेटर,ज्युरिस्ट विंग,माउण्ट आबू ने 'सम्मेलन की घोषणा' पढ़ते हुए कहा कि आध्यात्मिक व्यक्ति ही सही अर्थ में इस समझ से जीवन जियेगा कि मैं एक अमूल्य आत्मा हूँ और मेरे सभी मूल्य कार्य कर रहे हैं। ब्र.कु. बीना,सर्विस कोऑर्डिनेटर, त.ना. ने 80 वर्षों से ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा मानवता के उत्थान के लिए की जा रही सेवाओं के बारे में बताया। वरिष्ठ राजयोग शिक्षक ब्र.कु. मुथुमणि ने योगा सत्र में प्रतिभागियों को राजयोग का अभ्यास कराया। 'शांत मन और आनंदित जीवन' विषयक सत्र की शुरुआत ब्र.कु. कविता के स्पीच से हुई। उन्होंने बताया कि बेहतर जीवन के लिए शांत एवं खुश मन बहुत आवश्यक है। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. कलावती ने सभी का हृदय से स्वागत किया।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 03rd Dec 2017
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं आशीर्वाद प्रेस द्वारा मुद्रित।